## आखिर क्यों लगाया भाजपा की महिला पार्षद भारती राय ने नगर पालिका पर कमीशन खोरी का आरोप

# भाजपा पार्षद ने घटिया निर्माण पर घेरा, हंगामे के बीच 99 करोड़ का बजट पारित

राजेश बबेले
पीपुल्स प्रवक्ता बीना।



आखिर क्यों लगाया भाजपा की महिला पार्षद भारती राय ने नगर पालिका पर कमीशन खोरी का आरोप।बीना नगरपालिका की बैठक में ठेकेदार से 15त्न कमीशन लेने का आरोप।नगर पालिका परिषद की बैठक में हुआ जोरदार हंगामा।भाजपा पार्षद ने घटिया निर्माण पर घेरा; हंगामे के बीच 99 करोड़ का बजट पारित। उल्लेखनीय है कि बीना नगर पालिका की साधारण सम्मेलन और बजट बैठक हुई। इस दौरान भाजपा की महिला पार्षद ने ठेकेदारों से 15 प्रतिशत कमीशन मांगने गंभीर आरोप लगाया। **वार्ड में घटिया निर्माण हो रहा है:**गांधी वार्ड की पार्षद भारती राय ने सदन में कहा कि उनके वार्ड में घटिया निर्माण हो रहा है और ठेकेदार का दावा है कि नगर पालिका में कमीशन देने के कारण गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। हंगामे के बीच वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 99 करोड़ रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। **23 लाख की बचत का बजट और कर वृद्धि का विरोध:** मुख्य नगरपालिका अधिकारी राहुल कौरव ने बैठक में 99 करोड़ 45 लाख रुपए की प्रस्तावित आय और 99 करोड़ 23 लाख 24 हजार 500 रुपए के व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस बजट में नगर पालिका को लगभग 23 लाख रुपए की बचत दर्शाई गई है। बैठक के दौरान विभिन्न करों में वृद्धि के प्रस्ताव को सभी पार्षदों ने एकमत से खारिज कर दिया, जिससे जनता पर अतिरिक्त कर का बोझ नहीं पड़ेगा। **सफाई पर हुई तीखी बहस:** नेता प्रतिपक्ष प्रशांत राय और अन्य पार्षदों ने अध्यक्ष पर केवल अपने वार्ड में बिजली पोल लगवाने और विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाया। वीर सावरकर और सुभाष वार्ड के पार्षदों ने शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था और नवरात्रि के दौरान मंदिरों के पास गंदगी को लेकर सीएमओ को घेरा। पार्षदों ने आउटसोर्स कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए, जिस पर नपाध्यक्ष और सीएमओ ने जल्द सुधार का आश्वासन दिया।

**जल संकट पर मंथन हुआ:** शहर में भारी वाहनों के प्रवेश से हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर को समय निर्धारण का प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, आगामी ग्रीष्म ऋतु में जल संकट से निपटने के लिए बीना नदी स्थित फिल्टर प्लांट के स्टॉपडेम की ऊंचाई बढ़ाने पर चर्चा हुई। परिषद ने तय किया कि पहले इसकी डीपीआर तैयार कर लागत का आकलन किया जाएगा, जिसके बाद आगामी बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**कांग्रेस पार्षदों दी अनशन की चेतावनी**: पाठक वार्ड के पार्षद प्रकाश बजाज ने पूर्व में पारित प्रस्तावों के क्रियान्वयन न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कच्चा रोड का नाम मां जागेश्वरी के नाम पर करने और गेट बनाने का काम अब तक कागजों में ही सीमित है। विपक्षी पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर लंबित विकास कार्य और सड़क निर्माण पूरे नहीं हुए, तो वे नगर पालिका कार्यालय के समक्ष अनशन पर बैठेंगे।

## नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्यवाही अवैध शराब की 12 पेटियां जप्त

# ऑटो चालक गिरफ्तार, 1.50 लाख का माल बरामद

पीपुल्स प्रवक्ता बीना।



जिले में अवैध मादक पदार्थों एवं शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन में सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव कुमार उईके एवं एसडीओपी बीना अजय सनकत के मार्गदर्शन में थाना आगासौद पुलिस द्वारा सशक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन के बड़े मामले का खुलासा किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 24.03.2026 को पुलिस चौकी मण्डी बामौरा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मण्डी बामौरा से बीना वाया निर्तला मार्ग पर एक सवारी ऑटो के माध्यम से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी श्री नितिन पाल द्वारा गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मण्डी बामौरा चौकी क्षेत्र में सघन वाहन चैकिंग प्रारंभ की। 12 पेटियां (लगभग 103 लीटर) अवैध शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत ?50,000/- है चैकिंग के दौरान संदिग्ध सवारी ऑटो को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें देशी प्लेन एवं मसाला मदिरा की कुल 12 पेटियां (लगभग 103 लीटर) अवैध शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत ?50,000/- है। साथ ही प्रयुक्त सवारी ऑटो वाहन, जिसकी कीमत लगभग ?1,00,000/- आंकी गई, को भी जप्त किया गया। इस प्रकार कुल ?1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रुपये) का माल बरामद किया गया। **ऑटो चालक को किया गिरफ्तार:** मौके से ऑटो चालक राजकुमार बंसल पिता मुन्नालाल उम्र 40 वर्ष निवासी बीना को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। **इन सभी की रही सराहनीय भूमिका:** इस उल्लेखनीय कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव,रमानीवास शुक्ला,सुशील सिंह चौहान, आरक्षक नीरज राठौर, आरक्षक गजेन्द्र सिंह,आरक्षक ब्रजेश गेहलोत,आरक्षक रोहित विश्वकर्मा एवं सैनिक कैलाश दुबे की सराहनीय भूमिका रही।

## जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

# प्यासे की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्यः नंदराम कुशवाहा



पीपुल्स प्रवक्ता बीना।

नवांकुर संस्था अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारम कटरा मंदिर के बाजू में किया गया। जिसमें लोगों को ठंडा पानी मिल सकेगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों नगर ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर जल मंदिर प्याऊ लगाने से लोगों को ठंडा जल मिल सकेगा। हम सभी को अपनी व्यवस्था अनुसार सार्वजनिक प्याउ लगाना चाहिए।नवांकुर अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर जल व्यवस्था कर प्यासे की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमोद चढार नरेश तिवारी अमित कौशिक गौतम बलराम कुशवाहा राकेश कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर निगम के बकाया करों के अधिभार में छूट का लाभ अब 31 मार्च तक

## पांच स्थलों में शिविर के माध्यम से दी जाएगी छूट का लाभ प्राप्त करने की सुविधा

पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।



मध्य प्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए नगर निगम के बकाया करों पर लगने वाले अधिभार (पेनाल्टी) में नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर दी जा रही छूट की अवधि को बढ़ाकर अब 31 मार्च 2026 तक कर दिया गया है।

इस निर्णय के अंतर्गत नागरिक अपने बकाया संपत्ति कर एवं जलकर का भुगतान निर्धारित अवधि के भीतर कर अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नगर निगम प्रशासन ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया करों का भुगतान 31 मार्च के पूर्व अवश्य करें, ताकि अतिरिक्त आर्थिक भार से बचा जा सके एवं नगर के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान किया जा सके। **इन पांच स्थलों में आयोजित होंगे शिविर:** राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नगर के अधिक से अधिक नागरिकों को शासन द्वारा प्रदान की गई इस सुविधा से लाभान्वित करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर गुरुवार से निगम प्रशासन द्वारा नगर के पांच स्थलों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत नागरिकगण नगर निगम कार्यालय सहित बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाकर नागरिकों को बकाया वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार संपत्ति कर एवं जलकर के अधिभार में शत-प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

# संकल्प से समाधान अभियान : विशेष स्वास्थ्य शिविरों से हजारों मरीजों को मिला लाभ

पीपुल्स प्रवक्ता इन्दौर।



संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित की गई। कान्फ्रेंस में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस. रणदा, उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी कलेक्टर्स ने कृषि कल्याण वर्ष कार्ययोजना के तहत किये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कलेक्टर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि यह वर्ष कृषि कल्याण वर्ष है, अत- शासन द्वारा विभागीय रूप से निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिये कार्य समयसीमा और गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करें। ऐसी योजनाएं और कार्यक्रम बनायें, ?जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो। कृषि उत्पादन बढ़े और कृषकों को अपनी उत्पाद का अच्छा दाम मिले। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी कृषकों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाये। संभाग में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिये पशु पालकों को दुधारू पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। आंबेडकर कामधेनू पशु योजना को प्रोत्साहित करें। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण वर्ष में योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही करने वाले बड़वानी के पशुपालन व डेयरी विभाग के उपसंचालक लक्ष्मण सिंह बघेल को बैठक में ही निलंबित करने के निर्देश दिए। बैठक समाप्त होने से पूर्व निलंबन के आदेश भी जारी किए। इस सम्बंध में सम्भागायुक्त ने कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि दुधारू पशुओं के लिये अलग से प्रकोष्ठ बनायें जायें। गौशालाओं को मजबूत किया जाये। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिये मछुआरों को बेहतर सुविधाएं दी जाये। लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाये। ई-ऑफिस प्रणाली को बढ़ावा दिया जाये। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को न्यायालयों का निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों पर फोकस होकर निराकरण करने के निर्देश दिए।

## सुगम आवागमन हेतु अतिक्रमण टीम के प्रयास जारी

# 27 लोगों पर 14 हजार 300 का लगाया जुर्माना, दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत



पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार नगर निगम की अतिक्रमण विभाग की टीम द्वारा रोजाना नगर के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाकर नागरिकों को सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि शहर में अतिक्रमण हटाने एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिक्रमण टीम द्वारा मंगलवार को नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों घंटाघर से वीनस होटल, डॉक्टर अमित साहू गली, सरस्वती विद्यालय, आधार काप, संतनगर, शम्भू टॉकीज, शीतला माता मंदिर, बृजवासी होटल, बरही रोड, दिलबहार चौक, सुभाष चौक, मिशन चौक, आजाद चौक, शेर चौक, गहोई धर्मशाला, जैन मंदिर, रूई बाजार, सराफा होते हुए घंटाघर तक अनाउंसमेंट किया जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान नियमों का पालन नहीं करने एवं कार्यवाही के दौरान सुगम आवागमन व्यवस्था में सहयोग प्रदान नहीं करने वाले 26 लोगों पर 13 हजार 300 रुपये का स्पॉट फाइन भी किया गया। **कबाड़ व्यवसाई पर भी 1 हजार का जुर्माना:** अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान इंदिरा नगर क्षेत्र में एक कबाड़ व्यवसाई द्वारा सार्वजनिक मार्ग में का कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने तथा सफाई व्यवस्था प्रभावित करने पर भी 1 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाकर कबाड़ सामग्री सार्वजनिक मार्ग से अलग कराई जाकर आवागमन सुगम बनाया गया। **अतिक्रमण न करने की हिदायत:** नगर निगम की टीम ने सभी दुकानदारों, फल-फ्रूट विक्रेताओं और ठेला संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपना सामान निर्धारित सीमा पर ही रखें और सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।

# सुदर्शन हायर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



पीपुल्स प्रवक्ता सतना।

कक्षा 5वीं में अभिनव कुमार द्विवेदी 91.75 प्रतिशत व कक्षा 8वीं में अभिषेक मिश्रा 88.33त्न के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुदर्शन पब्लिक हायर सेकंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित 5वीं × 8वीं की बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा आठवीं में अभिषेक मिश्रा ने (88.33 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही आकाश कुशवाहा (86.16 प्रतिशत) अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा आर्यन सिंह (84.66 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया व आकांक्षा साहू (83.83 प्रतिशत) के साथ चतुर्थ स्थान व मोना यादव (83.50 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया, साथ ही कनिष्का पाल, ऋतिक यादव, रुद्र गुप्ता, आयुष विश्वकर्मा, आकाश पांडेय एवं विधु कुशवाहा का भी प्रदर्शन सराहनीय रहा।कक्षा पांचवीं में अभिनव कुमार द्विवेदी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया व आदित्य कुशवाहा 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा आंशिका उपाध्याय 89 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं व अनन्या मिश्रा (88.75 प्रतिशत) प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पर रहीं, जबकि आलेख सिंह (86.25 प्रतिशत)* प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया, साथ ही अंश मिश्रा, अंशिका कुशवाहा, अंशिका पाण्डेय, मोहित मांझी, भावना कुशवाहा एवं अरमान वर्मा का भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय के संचालक राजकुमार कुशवाहा, संचालिका सुनीता कुशवाहा, प्राचार्य सुखेंद्र सिंह, उप प्राचार्य विजय लक्ष्मी सिंह , रुचिका शुक्ला , सीमा त्रिपाठी ,प्रवीना सिंह, ईशा सेन, रमेश सिंह, साक्षी , पूजा , निधी, पल्लवी व समस्त विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत सांवेर में ब्लॉक स्तरीय शिविर का हुआ आयोजन

## शिविर में प्राप्त 213 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

पीपुल्स प्रवक्ता इन्दौर।




संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत बुधवार को जनपद पंचायत सांवेर प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 12 जनवरी 2026 युवा दिवस से संम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रथम चरण में 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन हुआ तथा द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक क्लस्टर स्तर पर एवं तृतीय चरण 16 मार्च से 2026 मार्च के अंतर्गत 25 मार्च को ब्लॉक स्तरीय शिविर जनपद पंचायत सांवेर में आयोजित किया गया। शिविर में जल संसाधन मंत्री के प्रतिनिधि श्री भारत सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सतीश मालवीय, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकन्या-मानसिंह, उपाध्यक्ष श्री अनोखीलाल चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री संदीप चंगेडिया, जनपद पंचायत के सदस्य, नगर पंचायत पार्षदगण एवं ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समस्त विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में म.प्र. शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित समस्त ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई। ब्लाक स्तरीय शिविर में 213 आवेदन प्राप्त हुए , जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। पूर्व में प्रथम एवं द्वितीय चरण शिविरों में प्राप्त ऑनलाईन आवेदन 12 हजार 447 में से 12 हजार 384 आवेदनों का निराकरण किया गया। अंत में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकन्या- मानसिंह द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों,विभागीय अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ताः संजय पाठक

## संजय पाठक, भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।



विजयराघवगढ़ विधानसभा के बरही एवं खितौली मंडल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। इस महाभियान का उद्देश्य दीनदयाल जी की अंत्योदय की कल्पना को साकार करते भाजपा कार्यकर्ताओं में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं सरकारी नीतियों से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर जन जन तक लाभ पहुंचाने का है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री संजय पाठक, जिलाध्यक्ष श्री दीपक सोनी टंडन, जिला संगठन प्रभारी श्री सुजीत जैन, जिला महामंत्री श्री मनीषदेव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष श्री सुनील उपाध्याय, जिला मंत्री मनीष दुबे ने भारत माता पं.दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम उद्घाटन सत्र में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम एवं वर्ग गीत का गायन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विधायक श्री संजय पाठक ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

बच्चे के जन्म से लेकर वृद्ध तक हर व्यक्ति हमारी सरकार के द्वारा दिए लाभ का हितग्राही है और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें यही हमारा दायित्व है। दोनों मंडलों के सत्रों में जिलाध्यक्ष श्री दीपक सोनी टंडन एवं जिला संगठन प्रभारी श्री सुजीत जैन ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के साथ संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण को और अधिक गहराई से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग संगठन को मजबूत बनाने और स्पष्ट दिशा देने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की भावना को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वक्ताओं ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प से प्रेरित एक अनुशासित और सशक्त संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अनुशासन, संवाद, सद्भावना, सेवा भाव, संतुलन, संयम, समन्वय और सकारात्मक सोच स्थापित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बरही मंडल अध्यक्ष श्री जगदीश गुप्ता, खितौली मडंल अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी सहित दोनों मंडलों के कार्यकर्ता पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**आशुतोष शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी**